पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-7 — मंगलवार, दिनांक-26 फरवरी, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 566, नगर विकास विभाग को तथा क्रमांक 580, योजना एवं विकास विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 89 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह की कार्यस्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(vi) डॉ० रणविजय कुमार
(vii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(viii) श्री अशोक कुमार सिंह
(ix) श्री राजेश्वर राज
(x) डॉ० दाऊद अली
(xi) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(xii) श्री कृष्णनन्दन यादव
(xiii) श्री प्रमोद कुमार
(xiv) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xv) श्री विजय कुमार सिन्हा

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों के दिनांक 20.02.2013 से स्थगित शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री अम्बिका सिंह एवं अन्य सभासदों के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार एवं अन्य सभासदों के कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक ।

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-<u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान</u>:-

माननीय प्रभारी मंत्री कृषि विभाग श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा राज्य सरकार की कृषि नीति पर विचार-विमर्श के लिए कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री जीतेन्द्र कुमार

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह

(iii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(iv) मो० अफाक आलम

(v) श्रीमती पूनम देवी यादव

(vi) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(vii) श्री अवधेश कुमार राय

(viii) श्रीमती नीता चौधरी

(ix) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(x) श्री राणा गंगेश्वर सिंह

(xi) श्री पवन कुमार जायसवाल

माननीय प्रभारी मंत्री सहकारिता विभाग श्री रामाधार सिंह द्वारा विभाग की भावी योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री कृषि विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

तदुपरांत मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 24 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

[7] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्व० सैयद असगर हुसैन, पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा के निधन पर शोक-प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि शोक संवेदना संबंधित शोकाकुल परिवार के पास भेज दिए जाएँगे ।

तत्पश्चात सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 27.02.2013 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-26.02.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।